बिहार सरकार

# वन स्टॉप सेंटर के रिक्त पदों पर जिला स्तरीय संविदा आधारित नियोजन हेतु विज्ञापन का प्रारूपः–

समहरणालय,खगड़िया।

वन स्टॉप सेंटर,खगड़िया।

विज्ञापन संख्या– 01 / 25

प्रबंध निदेशक, महिला एवं बाल विकास निगम, बिहार पटना के पत्रांक– WCDC / 2088 / 23, दिनांक– 26 / 09 / 2023 के आलोक में वन स्टॉप सेंटर,खगड़िया के संचालन हेतु संविदा आधारित रिक्त पदों पर सुयोग्य अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किये जाते हैः–

| क्रं0 सं0 | पद का नाम एवं कार्य दायित्व | पदों की संख्या तथा कोटि | आयु | मानदेय (कर्मियो को नियमानुसार मूल मानदेय के अतिरिक्त **EPF** तथा **ESIC** देय होगी ) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | केस वर्कर (महिला हेतु आरक्षित) | कुल पद–02<br>01 पद (अनारक्षित )<br>01 पद (अत्यंत पिछड़ा वर्ग) | कोटिवार अनुमान्य आयु के अनुसार | 22,000 / – रूपया |
| 2. | बहु उद्देशीय कर्मी / कुक | कुल पद–02<br>01 पद (अनारक्षित )<br>01 पद (अत्यंत पिछड़ा वर्ग) | | 13,000 / – रूपया |
| 3. | रात्रि प्रहरी / सुरक्षा कर्मी | कुल पद–03<br>01 पद (अनारक्षित )<br>01 पद (अत्यंत पिछड़ा वर्ग)<br>01 पद (अनुसूचित जाति) | | 13,000 / –रूपया |
| 4. | पारा मेडिकल पर्सन (अंशकालिक,महिला हेतु आरक्षित) | कुल पद–01<br>(अनारक्षित) | | 8,000 रूपया (समेकित **EPF** तथा **ESIC** देय नहीं।) |

नियोजन हेतु विस्तृत जानकारी तथा आवेदन प्रारूप जिला वेबसाइट khagaria.nic.inसे प्राप्त किया जा सकता है। रिक्त पदों के विरूद्ध आवेदन दिनांक–20.03.2025..........को अपराह्ण 5:00 बजे तक Email ID -dhewkhagaria@gmail.com पर स्वीकार किया जायेगा।

जिलाधिकारी

खगड़िया।

वन स्टॉप सेंटर के रिक्त पदों पर जिला स्तरीय संविदा आधारित नियोजन हेतु विज्ञापन का प्रारूपः–

समहरणालय,खगड़िया।

वन स्टॉप सेंटर,खगड़िया।

विज्ञापन संख्या–01/25

प्रबंध निदेशक, महिला एवं बाल विकास निगम, बिहार पटना के पत्रांक–WCDC/2088/23, दिनांक–26/09/2023 के आलोक में वन स्टॉप सेंटर,खगड़िया के संचालन हेतु संविदा आधारित रिक्त पदों पर सुयोग्य अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किये जाते है:–

| क्रं0 सं0 | पद का नाम एवं कार्य दायित्व | शैक्षणिक अहर्ता एवं कार्य अनुभव तथा प्राथमिकता | पदों की संख्या तथा कोटि | आयु | मानदेय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | केस वर्कर (महिला हेतु आरक्षित) | शैक्षणिक<br>अहर्ता--कानून/समाजकार्य/समाजशास्त्र/समाज विज्ञान/मनोविज्ञान में स्नातक।<br>अनुभव–महिलाओं के मुद्दों से संबंधित किसी सरकारी या गैर सरकारी परियोजना/कार्यक्रम में कार्य करने का कम से कम 3 वर्ष का अनुभव।<br>प्राथमिकता:– स्थानीय अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जायेगी। | कुल पद–02<br>01 पद (अनारक्षित )<br>01 पद (अत्यंत पिछड़ा वर्ग) | कोटिवार अनुमान्य आयु के अनुसार | 22,000/– रूपया |
| 2. | बहु उद्देशीय कर्मी/कुक | शैक्षणिक अहर्ता–मैट्रिक<br>अनुभव–संबंधित क्षेत्र में कार्य करने का अनुभव | कुल पद–02<br>01 पद (अनारक्षित )<br>01 पद (अत्यंत पिछड़ा वर्ग) | | 13,000/– रूपया |
| 3. | रात्रि प्रहरी/सुरक्षा कर्मी | शैक्षणिक अहर्ता– मैट्रिक<br>अनुभव–किसी सरकारी या प्रतिष्ठित गैर सरकारी संगठन में 02 वर्षो का जिला/राज्य स्तर पर समरूप कार्य करने का अनुभव।<br>प्राथमिकता–सैनिक /अर्ध सैनिक बल से सेवा निवृत अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जायेगी। | कुल पद–03<br>01 पद (अनारक्षित )<br>01 पद (अत्यंत पिछड़ा वर्ग)<br>01 पद (अनुसूचित जाति) | | 13,000/– रूपया |
| 4. | पारा मेडिकल पर्सन (अंशकालिक महिला हेतु आरक्षित) | शैक्षणिक अहर्ता– पैरामेडिक्स में प्रोफेशनल डिग्री/डिप्लोमा<br>अनुभव–सरकारी या गैर सरकारी क्षेत्र में स्वास्थ्य से संबंधित परियोजना/कार्यक्रम में जिला स्तर पर कार्य करने का कम से कम 3 वर्ष का अनुभव | कुल पद–01<br>(अनारक्षित) | | 8,000 रूपया समेकित **EPF** तथा **ESIC** देय नहीं। |

1. अभ्यर्थी भारत के नागरिक होगें।
2. नियोजन में सामान्य प्रशासन विभाग के द्वारा लागू आरक्षण का प्रावधान प्रभावी होगा।
3. आरक्षण का लाभ केवल उन्हीं आवेदकों को मिलेगा जिनके पास बिहार का अधिवास है।
4. उम्र सीमा–संविदा पर नियोजन हेतु उम्र सीमा विज्ञापन प्रकाशन की तिथि को निम्नवत् होगी।
   अनारिक्षत वर्ग (पुरूष)– 18–37 वर्ष
   पिछड़ा वर्ग/अत्यंत पिछड़ा वर्ग (पुरूष एवं महिला) – 18–40 वर्ष
   अनारक्षित वर्ग (महिला)– 18–40 वर्ष
   अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति (पुरूष एवं महिला) – 18–42 वर्ष
5. अनुभव की अवधि की गणना एवं उम्र की गणना प्रायोजन के लिए संदर्भ विज्ञापन प्रकाशन की तिथी मान्य होगी।
6. कर्मियों को नियमानुसार मूल मानदेय के अतिरिक्त **EPF** तथा **ESIC** देय होगी,समेकित मानदेय वाले पदों पर **EPF** तथा **ESIC** देय नहीं होगी।

7. संविदा के आधार पर यह नियुक्ति पूर्णतः अस्थायी होगी,जो बिना किसी पूर्व सूचना के या पन्द्रह दिन के नोटिस पर समाप्त की जा सकती है। इस संबंध में नियमित नियुक्ति का कोई दावा मान्य नहीं होगा। इस प्रकार नियोजित व्यक्ति का नियोजन के पश्चात सेवा में नियमितीकरण का कोई दावा मान्य नहीं होगा। नियोजित व्यक्ति न तो सरकारी सेवक माने जाएगे न सरकारी सेवको के अनुमान्य किसी सुविधा के हकदार होंगे। उनका नियोजन जिला वन स्टॉप सेंटर के अधीन होगा।
8. विभिन्न पदों पर नियोजन उम्मीदवारों की वांछित शैक्षणिक योग्यता,कार्य अनुभव एवं अंतर्वीक्षा के आधार पर अंतिम मेधा सूची प्रकाशित होगी।
9. कार्य अनुभव में सरकारी विभाग/संस्थान/कार्यालय में कार्यनुभव रखने वाले अभियार्थियों को प्राथमिकता दी जायेगी।
10. सरकारी/अर्ध –सरकारी अथवा गैर–सरकारी विभाग/संस्थान/कार्यालय में कार्यानुभवन की स्थिति में नियुक्ति प्राधिकार द्वारा निर्गत अनुभव प्रमाण–पत्र की मान्य होगा।
11. चयन प्रक्रिया–निर्धारित योग्यता रखनेवाले उम्मीदवारों को साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जायेगा। साक्षात्कार में भाग लेने हेतु संबंधित अभ्यर्थी की सूची जिला के **NIC** वेबसाइट **khagaria.nic.in** पर दी जाएगी। जिला पदाधिकारी कार्यालय द्वारा किसी भी अभ्यर्थी से डाक द्वारा किसी भी प्रकार का पत्राचार नहीं किया जायेगा।
12. मानदेय के आधार पर नियोजित कर्मी न तो सरकारी सेवक माने जायेंगे और न ही सरकारी सेवको के अनुमान्य किसी प्रकार के हकदार माने जायेंगे। मानदेय के आधार पर नियोजित कर्मियों द्वारा सेवा के नियमितीकरण का कोई दावा मान्य नहीं होगा।
13. विज्ञापन एवं सेवा शर्तो से संबंधित सभी अधिकार,जिलाधिकारी,खगड़िया के अधीन है। जिलाधिकारी,खगड़िया विज्ञापन को संशोधित/रद्द करने के लिए सर्वाधिकार धारित करने है।
14. इच्छुक अभ्यर्थी आवेदित पद का उल्लेख करते हुए विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से दिनांक 20.03.2025 तक अपना आवेदन विहित प्रपत्र में शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव संबंधी प्रमाण पत्र/अंक पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति **(PDF FORMAT)**के साथ संलग्न करते हुए **Email ID-dhewkhagaria@gmail.com** पर समर्पित करेंगे। प्रमाणपत्र संलग्न नहीं होने की स्थिति में आवेदन को प्रथम दृष्टया निरस्त कर दिया जायेगा। उपरोक्त समय सीमा के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे।
15. एक से अधिक पदो के लिए अलग–अलग आवेदन मान्य होंगे। किसी अन्य माध्यम से आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेंगे।
16. भरे हुए आवेदन का प्रिंट आउट अभ्यर्थी अपने पास सुरक्षित रखेंगे।
17. अभ्यर्थी, विज्ञापन से संबंधित अपडेट अन्य घोषणाओ हेतु नियमित रूप से **NIC-khagaria.nic.in** के वेबसाइट का अवलोकन करते रहेंगे।
18. चयनित अभ्यर्थियों को नियोजन के सेवा शर्तो के आलोक में जिला प्रोग्राम पदाधिकारी –सह– नोडल पदाधिकारी,मिशन शक्ति के साथ एकरारनामा पर हस्ताक्षर करना होगा।

18/2/25

जिलाधिकारी
खगड़िया।

अनुलग्नकः–3

# आवेदन –प्रपत्र

विज्ञापन संख्या–01 / 25

1. आवेदित पद का नाम.................................................................
2. अभ्यर्थी का नाम..................................................................
3. जन्म तिथि ........................................................................
4. माता का नाम.....................................................................
5. पिता / पति का नाम..............................................................
6. आधार कार्ड नम्बर ..............................................................
7. स्थायी आवास का पूरा पता(जिला के नाम के साथ)...........................................................
   .............................................................................................................................
8. पत्राचार का पता..........................................................................................................
   .............................................................................................................................
9. श्रेणीः– सामान्य ☐ पिछड़ा वर्ग ☐ अति पिछड़ा वर्ग ☐
   अनुसूचित जाति ☐ अनुसूचित जनजाति ☐ अन्य ☐
10. मोबाईल नंबर ....................................................
11. ई–मेल आईडी....................................................
12. शैक्षणिक विवरणीः–

| क्रं0 सं0 | शिक्षा | विषय | उत्तीर्णता का वर्ष | प्राप्तांक | प्रतिशत | बोर्ड / विश्वविद्यालय का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मैट्रिक | | | | | |
| 2. | इंटर | | | | | |
| 3. | स्नातक(प्रतिष्ठा का विषय) | | | | | |
| 4. | स्नातकोत्तर | | | | | |
| 5. | अन्य | | | | | |

13. कार्य अनुभवः–

| क्रं0सं0 | संस्थान का नाम | पदनाम | कार्य अवधि वर्ष / माह / दिन | कार्य विवरणी |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |

14. संलग्न किये गये कागजती की सूचीः–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | |
| 3 | | 4 | |
| 5 | | 6 | |
| 7 | | 8 | |
| 9 | | 10 | |

घोषणाः– उपरोक्त सभी सूचना मेरे जानकारी के आधार पर सत्य है। यदि भविष्य में कोई प्रतिकूल प्रतिवेदन प्राप्त होता है तो इसके लिए मैं स्वयं जिम्मेवार रहूँगी एवं मेरे विरूद्ध नियमानुकूल कार्रवाई की जा सकती है।

दिनांक

अभ्यर्थी का हस्ताक्षर